राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा में मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

आज दिनांक 17 नवंबर 2022 को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूजा सैनी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा बल्लमगढ़ में एक प्रेरक व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूजा सैनी द्वारा विद्यालय के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ। अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थी जीवन व नैतिक मूल्यों के महत्व पर व्याख्यान दिया। डॉ. पूजा सैनी अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिक मूल्य किसी भी छात्र के जीवन में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। नैतिक मूल्यों के द्वारा ही विद्यार्थी अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व का सुंदर निर्माण कर भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, करुणा, सम्मान, स्वाभिमान, दया और विनम्रता जैसे गुणों के साथ एक सकारात्मक चरित्र बना सकते हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रावस्था की बुनियादी वह महत्वपूर्ण जानकारी सांझा करते हुए छात्रावस्था को स्वर्णिम अवस्था कहकर संबोधित किया वहीं छात्र जीवनोपयोगी पञ्च नियम काकचेष्टा बकोध्यानं इत्यादि को अपनाने पर जोर दिया। महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुजाता ने कविता के माध्यम से अपने अनुभव सांझा किए वहीं बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा रोहिणी और कीर्ति ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य रखने के लिए व्यायाम व आसन की चर्चा की तथा अवस्था उपयोगी महत्वपूर्ण आसन करके दिखाया और इन्हें अपनी दिनचर्या में अपनाने पर जोर दिया । इन संपूर्ण गतिविधियों को आयोजित करने में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूपुरा से मैडम रजनी का भरपूर सहयोग रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ. पूजा सैनी का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत संस्कृत विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।